हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 12 अप्रैल 2026

04 यातायात पुलिस ने 400 ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लगाई...



07 बेहतर नागरिक बनाने कर्तव्य व जिम्मेदारी स्काउट-गाइड से मिलती है ...






## खबर संक्षेप

### व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों का सम्मान आज होगा

**विदिशा।** व्यापार महासंघ की नवीन कार्यकारिणी का स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किराना व्यापार संघ एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन द्वारा आज किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार शाम 7 बजे से शहनाई गार्डन में कार्यक्रम होगा। जिसमें व्यापार महासंघ के नवीन पदाधिकारी सहित शहर के वरिष्ठ व्यापारी मौजूद रहेंगे।

### रामचंद्र मिशन आश्रम में आज होगा कार्यक्रम

**विदिशा।** हार्टफुलनेस संस्था द्वारा रविवार को इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के पीछे रामचंद्र मिशन आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। देवेंद्र रिछारिया, संजीव राठौर, संजय पंडित ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### करियर काउंसलिंग शिविर आयोजन आज

**विदिशा।** युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन रविवार को दोपहर 3 से 6 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला, बालविहार में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार करियर का चुनाव केवल विषय या नौकरी चुनना नहीं, बल्कि जीवनभर की प्रक्रिया है। कई बार विद्यार्थी उचित मार्गदर्शन के अभाव में भ्रमित हो जाते हैं। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, पुलिस, बैंकिंग आदि में अवसरों की विस्तृत जानकारी देंगे।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 13 को

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक सोमवार 13 अप्रैल को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में टीएल बैठक के बाद शुरू होगी।

### एबीवीपी ने कर्मचारियों के वेतन की मांग उठाई

**विदिशा।** एसएटीआई पॉलिटेक्निक में पिछले सात महीनों से शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन न मिलने के कारण शैक्षणिक कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। वेतन भुगतान न होने से नाराज स्टाफ पिछले एक सप्ताह से हड़ताल पर है, जिससे कक्षाएं बंद हैं और सेमेस्टर परीक्षाओं से पहले छात्रों की चिंता बढ़ गई है। महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि तकनीकी शिक्षा विभाग से वार्षिक अनुदान प्राप्त न होने के कारण वेतन वितरण संभव नहीं हो सका। इधर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की विदिशा नगर इकाई ने प्राचार्य को तकनीकी शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। नगर मंत्री चंद्रांशु शास्त्री ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान न होने पर छात्र हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### मुबीन शीशगर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**विदिशा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी



महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा द्वारा मुबीन शीशगर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर अनेक कार्यकर्ता एवं साथियों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालो में पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस फ़ज़ल शेख, जयंत अग्रवाल, आसिफ खान प्रवक्ता, आसिफ मियां, कौशिक साराठे, शावाज़ खान, सोमिल अग्रवाल, आकिब शेख, फैज़ान राईन, जाहिद मामू आदि शामिल है।

### यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर लगातार की जा रही कार्रवाई

# एक साल में आरटीओ ने 334 वाहनों पर कसा शिकंजा, 67 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

***यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर परिवहन विभाग द्वारा इस साल सख्ती की गई। जिसके परिणाम यह रहे की पूरे प्रदेश में सबसे अधिक जुर्माना वसूली विदिशा जिले में की गई। स्कूल बसों से लेकर यात्री व भारी वाहनों पर कार्रवाई में विदिशा जिला प्रदेश में नंबर बन रहा। आरटीओ गिरिजेश वर्मा का कहना है कि परिवहन आयुक्त के निर्देश जब भी प्राप्त हुए जिलेभर में वाहनों की जांच कर नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों से जुर्माना वसूला।***

स्कूल बसों से लेकर यात्री व भारवाही वाहनों पर चालानी कार्रवाई में प्रदेश में सर्वाधिक शमन शुल्क वसूली का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सख्त अभियान चलाया।

इस दौरान 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक विभिन्न मार्गों पर वाहन चेकिंग करते हुए कुल 334 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई से 67 लाख रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित हुआ है। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान वसूले गए शमन शुल्क (जुर्माना) की राशि 40 लाख 40 हजार 70 रुपए रही, जबकि मोटरयान कर के रूप में 26 लाख 87 हजार 282 रुपए की वसूली की गई। इस प्रकार कुल 67 लाख 27 हजार 352 रुपए का राजस्व शासन को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और परिवहन नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने दावा किया कि इस अभियान के तहत वसूला गया शमन शुल्क प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विभाग की सक्रियता, नियमित मॉनिटरिंग और सख्त प्रवर्तन कार्रवाई का परिणाम है। विभाग का लक्ष्य न केवल राजस्व बढ़ाना है, बल्कि यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और अनुशासित बनाना भी है।

#### स्कूल बसों व यात्री वाहनों पर विशेष फोकस




अभियान के दौरान स्कूल बसों, यात्री बसों और भारवाही वाहनों पर विशेष निगरानी रखी गई। विभाग द्वारा 22 स्कूल बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2 लाख 5 हजार 200 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं 72 यात्री बसों से 7 लाख 1 हजार 600 रुपए की राशि जुर्माने के रूप में प्राप्त की गई। इसके अलावा 240 भारवाही एवं अन्य वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 30 लाख 79 हजार 270 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग, परमिट शर्तों का उल्लंघन, फिटनेस प्रमाणपत्र की कमी, टैक्स बकाया और अन्य नियमों के उल्लंघन के मामलों में यह कार्रवाई की गई।

#### सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग का कहना है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना, स्कूली बच्चों की सुरक्षा बनाए रखना और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जिले में चलाया गया यह अभियान न केवल राजस्व वृद्धि की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यातायात अनुशासन स्थापित करने की दिशा में भी मजबूत कदम माना जा रहा है।

#### कुल राजस्व में भी वृद्धि

जिला परिवहन कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 46 करोड़ 74 लाख 25 हजार 18 रुपए का राजस्व वसूला गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 10.65:% अधिक है। राजस्व में यह वृद्धि विभाग की निगरानी और प्रभावी कर वसूली प्रणाली को दर्शाती है।

## शेरपुरा क्षेत्र में पांच बदमाशों ने मिलकर डिलेवरी बॉय को लूटा, तीन पकड़ाए, दो फरार



**विदिशा।** आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने निकाला जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शेरपुरा में एक डिलेवरी बॉय के साथ हुई लूट का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर शनिवार को खुलासा कर दिया। मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य अभी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार डिलेवरी बॉय नीलेश अहिरवार शेरपुरा इलाके में पार्सल देने पहुंचा था। इसी दौरान 5 बदमाशों ने उसके बैग से पार्सल निकाल लिया। जब नीलेश ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 2700 रुपए लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित नीलेश ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने तत्काल एक टीम गठित की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शेरपुरा क्षेत्र में दबिश देकर कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

#### पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकाला

शनिवार को पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का शेरपुरा से लेकर रेलवे स्टेशन और सिविल लाइन थाना तक जुलूस निकाला। कार्रवाई के माध्यम से इलाके में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि इस मामले में दो आरोपी अभी भी फरार हैं। उनकी तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और अधिकारियों का कहना है कि उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जिला स्तरीय लोक सेवक समस्या निवारण शिविर आयोजित

## कलेक्टर ने सुनीं कर्मचारियों व पेंशनरों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




**विदिशा।** कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्याएं सुनते हुए कलेक्टर।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा डाइट में जिला स्तरीय लोक सेवक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया।

शिविर में शिक्षकों, कर्मचारियों तथा पेंशनरों ने वेतन विसंगति, पेंशन प्रकरण, सेवा पुस्तिका सुधार, लंबित एरियर भुगतान, पदोन्नति, अवकाश स्वीकृति सहित अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित शाखाओं को निर्देशित किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वयं उपस्थित होकर आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिपं सीईओ ओपी सनोडिया, जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सफाई मजदूर यूनियन की बैठक में फर्जी संगठनों पर उठे सवाल

**विदिशा।** बस स्टैंड स्थित नगर पालिका सभागार में शनिवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर की ट्रेड यूनियन की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोट ने संगठन के नाम से मिलते-जुलते अन्य संगठनों को अवैध बताते हुए कहा कि कुछ लोग संगठन का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने विदिशा के एक व्यक्ति को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के दावे को भी गलत बताया। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री राजेश कटारे, राष्ट्रीय सचिव सतीश चौहान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश सिंह ने कुछ मांगों का निराकरण किया। संचालन दिनेश करोसिया ने किया।

### एसएटीआई पॉलिटेक्निक में कर्मचारियों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी

## जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके कर्मचारी नहीं निकल रहा समाधान, आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सात माह से वेतन न मिलने के विरोध में एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों की हड़ताल छठवें दिन भी जारी रही।

धरनास्थल पर विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचे और कर्मचारियों से चर्चा की। राजेश जैन ने वेतन न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखने तथा भोपाल जाकर चर्चा के लिए समय लेने की बात कही। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की आर्थिक परेशानी और छात्रों की अनुपस्थिति से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर शिक्षण कार्य ठप होने पर चिंता जताई और हड़ताल समाप्त कराने के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया।



**विदिशा।** व्यापार महासंघ अध्यक्ष को ज्ञापन देते हुए पालीटेक्निक कर्मचारी।

## ट्रेड डील और एमएसपी गड़बड़ी के विरोध में धरना प्रदर्शन 14 से

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्र सरकार की भारत-अमेरिका ट्रेड डील को किसानों के लिए नुकसानदायक बताते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने 14 अप्रैल से गंजबासौदा कृषि उपज मंडी के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि टैक्स फ्री अमेरिकी अनाज के आयात से स्थानीय मंडी व्यवस्था और न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था कमजोर होगी। आकाश शर्मा ने गेहूं खरीदी में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि मामूली कारणों से ट्रालियां रिजेक्ट की जा रही हैं। सहकारी समितियों के बाहर किसान लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन तुलाई नहीं हो रही। इसे किसानों को हतोत्साहित करने की रणनीति बताया गया।

#### आंदोलन की चेतावनी

उन्होंने कहा कि धरने के साथ कार्यकर्ता क्रय केंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। यदि किसानों की फसल की तुलाई सुनिश्चित नहीं हुई तो कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से किसानों के हित में त्वरित निर्णय की मांग की।

### गेहूं खरीदी के भुगतान में विदिशा सबसे आगे

**विदिशा।** 9 अप्रैल से विदिशा जिले में शुरू हुई गेहूं खरीदी के मामले में विदिशा जिला प्रशासन प्रशासन भुगतान के मामले में प्रदेश में प्रथम पायदान पर रहा। विदिशा जिले के 6 किसानों से गेहूं की खरीदी की गई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के प्रयासों से एक दिन बाद ही किसानों को 5 लाख 87 हजार 644 रुपए का भुगतान किसानों के खातों में कर दिया गया। प्रथम भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों में तीरथ सिंह राव जैतपुरा, मीनाबाई, सरस्वती बाई बेरखेड़ी, तोमर सिंह दांगी गाजीखेड़ी, प्रताप सिंह धारुखेड़ी शामिल हैं।

## टीईटी परीक्षा अनिवार्यता के विरोध में शमशाबाद में शिक्षकों का प्रदर्शन, रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

शिक्षा व्यवस्था पर प्रयोग बंद करो, टीईटी की अनिवार्यता खत्म करो। इन नारों के साथ शमशाबाद में शिक्षकों का आक्रोश सड़क पर नजर आया।

शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षक पीएमश्री स्कूल में एकत्रित हुए। यहां से शिक्षकों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली जो तहसील कार्यालय तहसीलदार प्रेमलता पाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, सेवा अवधि की गणना पहली नियुक्ति तिथि से करने सहित अन्य मांगें रखीं। शिक्षकों का कहना है कि सरकार नई नीतियां लागू कर शिक्षकों को परेशान कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




### व्याख्यान माला आज, वक्ता होंगे केएन शर्मा

**विदिशा।** गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिमाह आयोजित सर्वधर्म समभाव व्याख्यान माला की अगली कड़ी में आज रविवार सुबह 11:30 बजे मां हॉस्पिटल श्रीरामनगर में आयोजन होगा। गांधी सुमिरन मंच के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पूर्व प्राचार्य डाइट विदिशा केएन शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में गांधी विचारधारा पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत बापू के प्रिय भजनों व प्रस्तावना से होगी। इसके बाद 45 मिनट का व्याख्यान तथा श्रोताओं के प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित होगा। अंत में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## वन अमले पर गोफन से हमला करने वाले 8 लोगों पर मामला दर्ज, दो अभी अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी




वन परिक्षेत्र लटेरी उत्तर अंतर्गत महावन बीट में गश्त के दौरान वन माफिया द्वारा वन अमले पर गोफन से हमला करने पर 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जिसमें से दो आरोपी अज्ञात हैं।

मामले में मुकेश भील, मनोहर भील, नीलेश भील, दिनेश भील, विशाल भील निवासी ग्राम रायपुरा, विष्णु भील निवासी ताजपुरा तहसील लटेरी के निवासी है। छह नामजद आरोपियों एवं दो अज्ञात के विरुद्ध थाना लटेरी में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना 9 अप्रैल की दोपहर करीब 3:20 बजे की है। परिक्षेत्र सहायक मनोज कुमार मिश्र एवं बीटगार्ड जयभान सिंह सेंगर शासकीय वाहन से कक्ष क्रमांक पी-406 में रूटीन गश्त पर थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि चार मोटरसाइकिलों पर सवार 8 लोग प्रत्येक वाहन पर दो-दो नग सागौन की लकड़ी लेकर ग्राम चमराकोण्डल की ओर जा रहे थे। वन अमले ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपी लकड़ी फेंककर कुछ दूर भाग गए, लेकिन बाद में वापस लौटकर जब्त की जा रही वन उपज को छुड़ाने गोफन से पथराव कर दिया। हमले में वन स्टाफ एवं शासकीय वाहन को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया।

### आचार्य समयसागर महाराज के सान्निध्य में हुआ मनोनयन

## जैन समाज की एकजुटता से टला चुनाव, सर्वसम्मति से अनिल जैन हजारी बने शीतल विहार न्यास के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



जैन समाज ने सामाजिक एकता और सामूहिक सहमति का परिचय देते हुए नागपुर में विराजमान आचार्य समयसागर महाराज के सान्निध्य में दिगंबर जैन शीतल विहार न्यास के अध्यक्ष पद पर अनिल जैन हजारी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया।

समाज के प्रतिनिधियों ने संभावित मतभेदों से बचने के उद्देश्य से चुनाव प्रक्रिया के स्थान पर सर्वमान्य नाम तय करने का आग्रह आचार्यश्री के समक्ष रखा, जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। हरिपुरा स्थित शीतल धाम परिसर में निर्माणाधीन भव्य जैन मंदिर के कार्यों की जानकारी देने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने समाजजन नागपुर पहुंचे थे। इस दौरान बताया गया कि शीतलधाम में आदिनाथ जिनालय पूर्ण होकर बरों वाले बाबा से सुसज्जित हो चुका है, जबकि मुख्य मंदिर का समवशरण निर्माणाधीन है। समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए आचार्यश्री ने विचार-विमर्श उपरांत प्रतिष्ठित हजारी परिवार के वरिष्ठ सदस्य अनिल जैन हजारी को अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही संजय सेठ को निर्माण समिति में शामिल करने की घोषणा की गई। मनोनयन की घोषणा पर उपस्थित समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नव-नियुक्त अध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक विकास हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।



## खबर संक्षेप

### विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक आज

**गंज बासौदा।** विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक रविवार को दोपहर 12 बजे से बालाजी नगर स्थित जिला कार्यालय अशोक भवन में आयोजित की गई है। बैठक प्रांत एवं विभाग पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न होगी। बैठक में पूर्व की समीक्षा एवं आगामी बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और परिषद वर्ग की सूची बनाना, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती, सीतानवमी आदि की कार्ययोजना बनाई जायेगी। जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने बताया कि जिला बैठक में जिला कार्यसमिति एवं सभी 10 प्रखंडों से अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### आज बिजली रहेगी गुल

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि रविवार को 33 केवी बासौदा फीडर पर आवश्यक रखरखाव एवं सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के अंतर्गत 33/11 केवी बासौदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडर, 33/11 केवी बेदानखेड़ी उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त फीडर, 33/11 केवी गोकुलधाम उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त फीडर तथा जेल उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी ईदगाह एवं 11 केवी वाटर वर्क्स फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान रखरखाव कार्य के अंतर्गत पेड़ कटिंग, जंपरिंग, लाइन सुधार एवं अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य संपादित किए जाएंगे, जिससे भविष्य में विद्युत आपूर्ति को अधिक सुचारू एवं सुरक्षित बनाया जा सके। उक्त शटडाउन के कारण ईदगाह रोड, तिरंगा चौक, बेदनखेड़ी क्षेत्र, सावरकर चौक, न्यू बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन रोड, मील रोड क्षेत्र, बरेठ रोड, इमली चौराहा, बहलोट क्षेत्र एवं आसपास के संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति निर्धारित समय तक बंद रहेगी। उक्त अवधि के दौरान उपभोक्ता आवश्यक कार्य पूर्व में ही पूर्ण कर लें। कार्य के दौरान समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

# शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने शिक्षक पात्रता परीक्षाओं के विरोध प्रदर्शन के द्वितीय चरण में शाम को जनपद पंचायत परिसर में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर विश्राम गृह तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। जिसके बाद जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में विधायक हरीसिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन-TET शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना की कंडिका 4 (क), (ग) एवं कंडिका 5 के अनुसार 3 सितंबर 2001 के पश्चात नियुक्त शिक्षक संविदा शाला शिक्षक, शिक्षाकर्मी व संविदा शाला शिक्षक तथा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को TET से छूट प्रदान की गई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उक्त छूट का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद विभागीय आयुक्तों द्वारा सेवारत नॉन-TET शिक्षकों को TET उत्तीर्ण करने हेतु बाध्य किया जाना, अधिसूचना के प्रावधानों एवं न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत है। इसलिए जारी आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए।

प्रदेश के डेढ़ लाख शिक्षकों को TET की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की लंबे समय से की जा रही ज्वलंत मांग को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने हेतु आदेश जारी किऐ जाऐ, जिससे पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभ पदोन्नति, क्रमोन्नति की भांति सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर सैयद शफाकत हुसैन कादरी, अमर सिंह तोमर, विनोद श्रीवास्तव, रामराज सिंह दांगी, सुनील रघुवंशी, अरूण रघुवंशी, प्रकाश दीक्षित, अजय सक्सैना, अमित श्रीवास्तव, अफजल रिजवी, शमशीर अली, जितेन्द्र नामदेव, नंदकिशोर, संजीव रघुवंशी, एलआर अहिरवार, भगवती देवी, अनीता ठाकुर, माधवी भाटिया, रश्मि तोमर, प्रमिला रघुवंशी, किरण चौरसिया, निशा गुप्ता, ऊषा रघुवंशी, ममता साध्य, ममता लोधी, वंदना तिवारी, बबीता अरोरा, अर्चना, सरिता पाल सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

# कीचड़ में फंसी गाय को ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम रोजरु में एक गाय लगभग 1 किलोमीटर दूर खेत में बने एक तालाब में पानी पीने गई थी। तभी गाय कीचड़ में फंस गई। इसी दौरान मुन्नू पठान जो खेत पर इमली तोड़ने गए हुए थे, उन्होंने देखा कि गाय कीचड़ में फंस गई है। पठान ने गांव में आकर बताया कि एक गाय कीचड में फंसी है और उन्होंने अकेले ही उसे बाहर निकालने की बहुत कोशिश की। मगर गाय का पिछला हिस्सा पूरी तरह से दलदल में फंस चुका है। इसके बाद सूचना बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी गई। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर गाय को कड़ी मशक्कत के बाद रस्सी की सहायता से बाहर निकाला। गाय की स्थित देखकर ऐसा लग रहा है जैसे गाय को कीचड़ में फंसे हुए 2, 3 दिन हो चुके थे। गाय को बाहर निकालने के दौरान गोविंद साहू, नीलेश, निजाम प्रहलाद पाल, मुन्नू पठान, नितेश परिहार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

# यातायात पुलिस ने 400 ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लगाई रेडियम पट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सड़क हादसों में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा समय समय पर जागरुकता अभियान चलाया जाता है। जिनके माध्यम से नागरिकों को जागरुक किया जाता है। इसी के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस द्वारा गत दिवस नवीन कृषि उपज मंडी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 400 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम की पट्टियां लगाई गईं। जिससे रात्रि के समय ट्रैक्टर, ट्राली अंधेरे में दूर से नजर आ जाऐंगे तथा हादसों पर विराम लगेगा। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि जागरुकता अभियान के तहत कृषि उपज मण्डी में मौजूद किसानों को राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना को लेकर जागरूक किया गया। मण्डी में आए किसानों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन तेज गति से न चलाने, नशा कर वाहन न चलाने, नाबालिगों को वाहन न देने, ओवरलोड सवारी न बिठाने, दो पहिया वाहन न हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन सीट बेल्ट लगाकर चलाने की समझाइश दी।






**इनका कहना है...**

*यातायात पुलिस दल ने हादसों को रोकने कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी पहुंचकर किसानों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए ट्रैक्टर, ट्रॉलियों में रेडियम की पटि्टयां लगाई हैं।*

*निरपत सिंह लोधी, यातायात निरीक्षक गंजबासौदा*

### कायस्थ समाज कल्याण समिति अध्यक्ष बने प्रदीप



**गंजबासौदा।** ग्राम बेहलोट स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के नये अध्यक्ष के रूप में समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में राधा कृष्ण पुरम निवासी सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव ने नव नियुक्त अध्यक्ष का तिलक व पुष्पहार से स्वागत और सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा चित्रगुप्त मंदिर में निरंतर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सेवाएं प्रदान की जाती रही हैं, उनके इसी सेवाभाव एवं समाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता को देखते हुए अध्यक्ष पद पर उन्हें मनोनीत किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष ने समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। नव नियुक्त अध्यक्ष को पूर्व अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव, कैलाश नारायण श्रीवास्तव, अवधेश नारायण श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, शिव नारायण सक्सेना, रामबाबू श्रीवास्तव, दीपक निगम, एड. राजेश सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, उमेश माथुर, विपुल खरे, नितीश कुमार श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, राहुल माथुर, रवि माथुर, राजकुमार श्रीवास्तव सरपंच, इंद्रेश सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, ज्ञानू श्रीवास्तव, अभिषेक माथुर, आशीष श्रीवास्तव एवं मातृशक्ति आरती श्रीवास्तव, रेनू श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, स्नेह लता श्रीवास्तव, प्रियंका माथुर, श्वेता खरे, सुनीता माथुर, सोनिया माथुर, मालती श्रीवास्तव आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

# मेजर ध्यानचंद टीम ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बलवंत सिंह वॉलीबॉल खेल मैदान में टेलेंट सर्च के माध्यम से वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर इंद्रा दुबे, उप प्राचार्य डॉक्टर पीयूष दुबे, विधि विभाग के प्रभारी आरआर द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया की पहला मैच मेजर ध्यानचंद टीम और भगत सिंह टीम के मध्य हुआ। जिसमें मेजर ध्यानचंद टीम ने भगत सिंह टीम पर फाइनल सेट पर 15-21 से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच सुभाष चंद्र बोस टीम और मिल्खा सिंह टीम के मध्य हुआ, जिसमें मिल्खा सिंह टीम ने फाइनल सेट में 21- 15 से जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला मिल्खा सिंह टीम और मेजर ध्यानचंद टीम के मध्य हुआ। जिसमें फाइनल मुकाबला 15-25 से मेजर ध्यानचंद टीम ने 10 प्वाइंट से जीता। सभी खिलाड़ियों ने अपना दमखम प्रतियोगिता में दिखाया। खिलाड़ी मोबाइल की दुनिया से बाहर आए और खेल मैदान में अपना दमखम दिखाया, जब तक प्रतियोगिता चलती रही किसी भी खिलाड़ी ने ज्यादा मोबाइल नहीं चलाया। इस उद्देश्य ये मुहिम चालू की गई है। आगे और भी प्रतियोगिता फुटबॉल, हैंडबॉल, खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, चेस, एथलेटिक्स प्रतियोगिता कराई जाएंगी। चयनित छात्र, छात्राओं को अपने कौशल दिखाने का मौका, बाहर होने वाली प्रतियोगिता में दिया जाएगा। युवा शारीरिक, मानसिक, सामाजिक भावनात्मक रूप में मजबूत हों इसलिए ऐसी प्रतियोगिता कराई जाएगी। इस मौके पर महाविद्यालय के स्टॉफ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गर्मी के चलते निःशुल्क जलसेवा का शुभारंभ

न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भीषण गर्मी को देखते हुए मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन भारत द्वारा नगर में निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा पिछले 15 वर्षों से निरंतर संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन सिरोंज रोड स्थित कमलदीप अकादमी परिसर में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद समाजसेवियों का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि "प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई उपकार नहीं होता" और भीषण गर्मी में इस तरह की सेवा अत्यंत पुण्यदायी है। जल सेवा का शुभारंभ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एके जैन ने किया। फीता काटकर उद्घाटन जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, जिला सलाहकार हरी बाबू अग्रवाल, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राम गोपाल गुप्ता, डॉ. एस के सेन, भगवान दास साहू, जिला प्रभारी नीलेश जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य रघुवंशी, विशाल तनवानी, शिक्षाविद निर्मल कुमार जैन, संस्था प्राचार्य सत्यम शर्मा, अनिल शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, मुकेश जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के सुरेश तनवानी ने किया, जबकि अंत में आभार निर्मल कुमार जैन ने व्यक्त किया।




### वार्ड 15 में शिविर का किया आयोजन




**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के वार्ड नंबर 15 के आंगनवाड़ी केंद्र मिर्जापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन आफरीन यूसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, शासन की कल्याणकारी योजना, निःशुल्क विधिक सहायता एवं नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में अनेक लोग उपस्थित रहे।

## विचार संगोष्ठी में साहित्यकारों ने विचार किए व्यक्त

# साहित्यकारों की भूमिका पर विचार संगोष्ठी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश के सचिव मंडल के सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार, विचारक प्रेम मलैया के नगर आगमन पर बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में गत दिवस विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय था वर्तमान परिदृश्य में साहित्यकारों की भूमिका। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अनिल त्रिपाठी द्वारा की गई एवं कार्यक्रम का संचालन चंद्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया।

विचार संगोष्ठी में प्रतिपादित विषय पर अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम मलैया ने कहा कि यह सर्वे स्वीकृत सत्य है कि साहित्य समाज का दर्पण है। आज समाज में देश में एवं विश्व पटल पर जो कुछ भी घट रहा है साहित्यकार उसको देख रहा है समझ रहा है। इसकी विवेचना कर रहा है, उसकी समीक्षा कर रहा है। अपनी बुद्धि और विवेक के अनुसार न्याय के पक्ष में अन्याय के खिलाफ लिख रहा है, कह रहा है, बोल रहा है, किंतु विश्व परिदृश्य पर जो महा विनाश दिख रहा है क्या वह विश्व युद्ध में बदल जायेगा, क्या विकास के प्रतिमान विनाश में बदल जाएंगे, क्या वसुधैव कुटुंबकम की हमारी अवधारणा का समापन हो जावेगा, क्या करोड़ों-करोड़ों भारतीयों की सर्वे भवन्तु सुखिना, सर्वे भवन्तु निरामया की भावना निष्प्रभावी हो जायेंगी। क्या विज्ञान के वरदान अभिशाप हो जाएंगे। याद रहे प्रथम विश्व युद्ध एवं द्वितीय विश्व युद्ध आर्थिक साम्राज्यवाद की सर्वोच्चता के लिए ही लड़े गए थे, क्या आज का महा विनाश भी पेट्रोलियम पदार्थों के उत्पादक क्षेत्र पर स्वामित्व एवं आधिपत्य तथा बाजार पर एकाधिकार के लिए किया जा रहा है। क्या महा विनाशक हथियारों के सौदागर क्षेत्रीय युद्ध को जारी रखते हुए अकूत मुनाफा नहीं कमा रहे। साहित्यकारों का दायित्व है कि आज सभी एकजुट होकर युद्ध के खिलाफ शांति के पक्ष में विश्व जनमत जागृत करें, समाज को सत्य से अवगत कराएं।

कार्यक्रम को अशोक शाह पेंटर, राजेश भावसार, चंद्रकुमार तारण, एडवोकेट अनिल त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए सार गर्भित तथ्यात्मक, कथन का समर्थन करते हुए कहा कि अहंकार जिनने किया, उनके मिट गए वंश, ना मानो तो देख लो रावण, कौरव, कंस। इस विचार संगोष्ठी में उपस्थित साहित्यकारों ने भी संक्षिप्त में अपने-अपने विचार प्रकट किए। साथ ही सुधी श्रोताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### विधिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को सम्राट अशोक विद्यालय सावरकर चौक में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए, शिक्षा का अधिकार, जीवन में शिक्षा का महत्व, बालश्रम निषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में आरती झा अधिवक्ता, कशिश जैन अधिवक्ता, सुनील राजपूत पीएलव्ही, आरती कुशवाह पीएलव्ही, अंजली विश्वकर्मा पीएलव्ही, प्राचार्य भारती कुशवाह, कीर्ति कुशवाह, मनोज कुशवाह, कैलाश कुशवाह, अतुल श्रीवास्तव साइबर ट्रेनर सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित अधिक संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# इको क्लब के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को नवांकुर विद्यापीठ में इको क्लब के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात गायन दल की छात्राओं ने पर्यावरण वंदना व पॉलीथिन उन्मूलन पर शानदार गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी संजीव कुशवाह ने इको क्लब के गठन व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इको क्लब के सहायक प्रभारी शिक्षक विनय सोनी ने इको क्लब द्वारा भविष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सतत पोषण विकास पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने विद्यालय में एक ऐसी बुक-बैंक योजना की रूपरेखा रखी, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी पुरानी पुस्तक जमा कर बदले में आवश्यक पुस्तकें प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि नगर में पंचतत्व सृष्टि सेवा समिति द्वारा श्रमदान दल के माध्यम से कई उत्कृष्ट कार्य किये जा रहे हैं, जिनके साथ हमें भी बढ़-चढ़कर पर्यावरण के संरक्षण हेतु सार्थक प्रयास करना चाहिए। आपने कहा हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा की उक्ति को चरितार्थ करना चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि कई बार हम पूजा सामग्री नदियों में फेंक देते हैं अर्थात एक मां के पूजन की सामग्री से दूसरी मां को गंदा करते हैं। इस दौरान रामकिशन राठौर व गायन दल के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, शिक्षक अभय तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के ऊपर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन हायर सेकेंडरी प्रभारी शिक्षक संदीप रावत ने तथा प्राचार्य ने उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षकों को शपथ दिलवाई गई।

### निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ किया

# बेहतर नागरिक बनाने कर्तव्य व जिम्मेदारी स्काउट-गाइड से मिलती है प्रेरणाः डॉ टेंसी





## शिविर में स्व निर्मल कुमार सैनानी को किया याद, बताए स्काउट गाइड के फायदे व महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

स्थानीय निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में दो दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाईड के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष श्री सैनानी ने कहा कि काफी वर्षो बाद सिरोंज में स्काउट - गाइट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय शिविर में संस्था की प्राचार्य सिस्टर डॉ टेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिलें में निर्मला कॉन्वेंट स्कूल एक ऐसा विघालय है जिसने अपने कदम आगे बडाकर स्काउट - गाइड की इकाई प्रारंभ की और स्कूली बच्चों को ट्रेंनिग के लिए विदिशा भेंजा। आज इसी का परिणाम है कि सिरोंज में विघालय ने अपने स्वंय के खर्चे पर छात्रों के रहने के लिए टेंट,भोजन व अन्य प्रबंध किए। वही भारत स्काउट गाइड जिला संघ की ओर से प्राचार्य डॉ टेंसी का स्वागत व आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई कि आगे भी इसी तरह स्काउट गाइड के कार्यक्रमो में आगे बडकर आयोजन करते रहेंगें। उन्होने स्काउट-गाइड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मनिर्भरता के गुण अपनाने के लिए प्रेरित किया। ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### ध्वजारोहरण के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट गाईड के ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा प्रार्थना गीत का गायन किया गया। जिसके बाद स्काउट गाइड के मास्टर ट्रेनर हनीफ खान एवं फरहत उन्निशा के द्वारा सभी को द्वितीय सोपान शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी स्काउट एवं गाइड को अलग-अलग दलों में विभाजित कर दल प्रभारी नियुक्त किया गया। विद्यालय के स्काउट गाइड प्रभारी रफत उल्लाह ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में स्काउट गाइड के सदस्यों के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ-साथ रस्सी में तरह-तरह की गांठ लगाने, लाठी चलाने, टेंट लगाने के साथ ही ट्रेकिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर डॉ टेंसी, उपप्राचार्य सिस्टर लिमी, केजी इंचार्ज सिस्टर जेशा जॉन,शिक्षक राजेश जैन,प्रकाश शर्मा,महेन्द्र भार्गव,डॉ जफर खान सहित शिक्षक-शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।




### राष्ट्रीय स्तर पर परचम फहराने वाले ट्रेनर मास्टर

द्वितीय सोपान शिविर के मास्टर ट्रेनर हनीफ खान व फरहत उन्निशा के द्वारा छात्रों को ट्रेंनिग दी जा रही है। उक्त दोनो शिक्षको द्वारा स्काउट गाइड के राष्ट्रीय स्तर के शिविरो में जिला संघ का परचम फहराया जा रहा है। लेकिन यह कार्य तभी सम्भव हो पाया जब जिले के ऊर्जावान भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी एंव जिला प्रशिक्षक अनिता सोनवाले में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उनको याद किया और आगामी शिविर में श्री चतुर्वेदी का सम्मान करने की बात कही। इस मौके पर प्राचार्य सिस्टर डॉ टेंसी ने कहा कि स्काउट एंड गाइड विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है. यह बचपन से ही व्यक्तित्व के विकास की नींव रखता है. एक बेहतर नागरिक बनाने के लिए समाज के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्यों की प्रेरणा स्काउट एंड गाइड में दी जाती है. 3 वर्ष से 25 वर्ष की उम्र के बच्चे स्काउट एंड गाइड का हिस्सा होते हैं. इसके लिये उम्र की सीमा और उसके कैडर तय किये गये हैं.

### स्व सैनानी को किया नमन

*कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन ने भारत स्काउट गाइड के फायदे व महत्व बताते हुए अपनी पुरानी यादो को सुनाते हुए कहा कि 1988 में सिरोंज में संभाग स्तरीय स्काउट गाइड का एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर के संयोजक स्व निर्मल कुमार जैन सैनानी रहे थें। उक्त शिविर में मैने काफी कम उम्र में शामिल होकर काफी कुछ सीखा था। वह शिविर एक ऐतेहासिक व सफलता पूर्ण रहा था। वही उन्होने ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत स्काउट गाइड युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सेवा भाव विकसित करने वाला एक प्रमुख स्वैच्छिक आंदोलन है। इसका मुख्य उद्देश्य शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के माध्यम से युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना है, जो ह्लतैयार रहें के आदर्श वाक्य पर आधारित है। उन्होने छात्रों को भारत स्काउट गाइड का महत्व और फायदे बताते हुए कहा कि यह युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, और उच्च नैतिक मूल्य विकसित करता है। स्काउटिंग/गाइडिंग से बच्चों में अनुशासित जीवनशैली,समय प्रबंधन, और आत्मनिर्भरता आती है, जो जीवन भर काम आती है। यह समाज सेवा, सामुदायिक सेवा और दूसरों की मदद करने की भावना को प्रोत्साहित करता है। साथ ही साहसिक गतिविधियाँ (जैसे कैंपिंग, हाइकिंग) शारीरिक फिटनेस और मानसिक सतर्कता बढ़ाती हैं। इसमें हस्तशिल्प, प्राथमिक चिकित्सा,नक्शा पढ़ना, और आपदा प्रबंधन जैसे उपयोगी कौशल सिखाए जाते हैं। यह युवा लड़के-लड़कियों में भाईचारे, भाईचारा और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देता है।*

## सिरोंज में आरओ वाटर प्लांटों पर कार्रवाई, जांच के लिए भेजे गए नमूने

**कलेक्टर के निर्देश पर सिरोंज में संयुक्त टीम की कार्रवाई, स्वच्छता व गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज


स्थानीय अधिकारियों को जांच-पड़ताल करने की नहीं फुर्सत

बिना फिल्टर बिक रहा मिनरल वाटर के नाम से पीने का पानी

**खबर का असर**

दैनिक हरिभूमि में प्रकाशित समाचार बिना फिल्टर बिक रहा मिनरल वाटर के नाम से पीने का पानी के मामले को जिला प्रशासन द्वारा पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सिरोंज तहसील में आरओ वाटर प्लांटों पर औचक निरीक्षण कर नमूने जांच हेतु भेजे गए। यह कार्रवाई कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिहित अधिकारी डॉ. रामहित कुमार एवं डिप्टी कलेक्टर अनिल कछवारे के निर्देशन में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार, पटवारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने हाल ही में दैनिक समाचार हरिभूमि में प्रकाशित आरओ पानी की गुणवत्ता संबंधी खबरों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान टीम ने छत्री नाका, सिरोंज स्थित जैन वाटर सप्लायर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रोहिलपुरा सिरोंज बायपास स्थित एसएस वाटर प्लांट, मंडी बायपास रोड स्थित रिछारिया वाटर वर्ल्ड तथा सिरोंज बायपास स्थित चंचल चिल्ड वाटर प्लांट का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा इन स्थानों से आरओ वाटर के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए हैं। साथ ही आरओ मशीन, चिलर मशीन, फिल्टर सिस्टम आदि की बारीकी से जांच की गई। टीम ने संबंधित संचालकों को पानी के कैम्पर (डिब्बों) की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि पेयजल की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित आरओ प्लांट संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**भूतेश्वर गढ़ोला नाका रेलवे फाटक चार दिन तक बंद रहेगा**

**खुरई।** रेलवे की ओवरहॉलिंग के चलते भूतेश्वर गढ़ोला नाका स्थित फाटक गेट नंबर 8 ए, 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बंद रहेगा। इस दौरान रोज सुबह 8 से शाम 6 बजे तक सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।

## 20 लाख से बनेगा हनुमान जन्मोत्सव व रामलीला मंच




**विदिशा।** हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति द्वारा 2 से 10 अप्रैल तक हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसमें तपोवन भूमि तालाब पर बने हनुमान मंदिर परिसर को विद्युत की सजावट प्रतिदिन हनुमान जी की आरती की जाती है। इसके पश्चात रामलीला का मंचन किया जाता है। यह कार्यक्रम लगभग 10 दिन चलता है दसवे दिन इसका समापन किया जाता है। समापन में सिरोंज लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा पहुंचे और रामलीला और भजन गायक कलाकारों का स्वागत किया और हनुमान जन्मोत्सव समिति को एक बड़ी सौगात दी जो लगभग 20 लाख रुपए की राशि से रामलीला मंच बनाने की घोषणा की। रामलीला दर्शन करने वालों के साथ में बैठकर रामलीला मंचन का आनंद भी लिया और पुष्पदृष्टि कर नागरिकगण माताएं बहनों का स्वागत किया। इसके पश्चात हनुमान मंदिर पर हनुमान जी के दर्शन किए और हनुमान जी महाराज से क्षेत्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। जिसमें भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया, आनंदपुर मंडल के अध्यक्ष आशीष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अत्तु भंडारी, उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापति, महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी, महेंद्र राजपूत, बबलू शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विदिशा में 'प्याऊ घर' बने राहत और जागरूकता का केंद्र

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** बढ़ती गर्मी के बीच जिला प्रशासन की पहल पर जिलेभर में स्थापित 'प्याऊ घर' आमजन के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। शासन की मंशा अनुरूप नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में लगाए गए इन केंद्रों से राहगीरों, मजदूरों, किसानों, विद्यार्थियों व आम नागरिकों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल सहज उपलब्ध हो रहा है। इन प्याऊ घरों के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रसारित किया जा रहा है। लगाए गए संदेशों के जरिए लोगों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बाजार, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित ये केंद्र जनसेवा के साथ जनजागरूकता का भी सशक्त माध्यम बनकर उभर रहे हैं, जो प्रशासन की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

## खुरई में आवारा मवेशियों के सड़कों पर आने से यातायात बाधित, दुर्घटनाओं का भी अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुरई

नगर में आवार पशु निरंतर राहगीर एवं वाहन चालको के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे है। वड़ी मात्रा में चैराहो और सड़को पर झुंड बनाकर एकत्रित हो जाते है लेकिन षहरी क्षेत्र में उन्हे पर्याप्त भोजन न मिलने के कारण वह इधर उधर भटक रहे है। हालत यह है कि शहर के व्यस्थतम मार्गो पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी बैठे रहते है जिसके कारण सड़कों पर से निकलने वालों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है।



नगरपालिका परिषद की पशुपालकों को दी गई चेतावनी बेअसर साबित हो गई है। शहर में सड़कों पर खुले में अपने मवेशी छोड़ने वाले पशु पालकों पर रत्तीभर भी असर नहीं हुआ है। यही कारण है कि आवारा मवेशी सड़कों पर विचरण कर रहे हैं। इन आवारा पशुओं के कारण हर रोज वाहन चालकों को सड़कों पर दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। इस समस्या से नागरिकों को नही मिल रही है निजात। आवार पशु रात्रि के समय तो और ही परेशानी का सबब बन जाते है क्योंकि यह रोड पर इस तरह झुंड बनाकर वैठते है जिसमें छोटा और बड़े वाहन चालक निकले में परेशानी का सामना करना पड़ता है।शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, राजीव चैक, परसा चैराहा, झंडा चैक, सागर नाका चैराहा, गल्ला मंडी, सब्जी मंडी राहतगढ़ नाका, गढ़ौला नाका आदि क्षेत्रों की तमाम सड़कों पर दिनभर दो व चार पहिया वाहनों का आवागमन बना रहता है। इन व्यस्त सड़कों पर आवारा मवेशी जहां-तहां विचरण करते रहते हैं। चालक इन पशुओं को बचाने के चक्कर में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### डिजिटल जनगणना के लिए अभियान तेज

**विदिशा।** जनगणना 2027 को सफल बनाने जिला प्रशासन ने व्यापक प्रचार अभियान शुरू किया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिंगल्स, ऑडियो-वीडियो संदेश, पोस्टर और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मकान सूचीकरण एवं स्व-गणना को लेकर नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में मुनादी, बैनर व जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक व यूट्यूब पर भी जानकारी साझा की जा रही है। अधिकारियों को नियमित रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए हैं, जिससे अभियान प्रभावी और सहभागितापूर्ण बन सके।

### शहर कांग्रेस जननायक कर्पूरी ठाकुर को पुष्पांजलि अर्पित करेंगी

**सागर।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस जन अटल पार्क पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।



## महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार अन्याय और असुरक्षा को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** जिला महिला कांग्रेस उत्पीड़न, निवारण प्रकोष्ठ ने आज जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा को ज्ञापन सौंप कर जिले में बढ़ रहे महिला अपराधों पर रोक लगाने की मांग की। प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता कुशवाहा ने कहा कि जिले में दुष्कर्म, दहेज, उत्पीड़न एवं साइबर अपराध की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हो रही है। इन घटनाओं के कारण महिलाएं भय और असुरक्षा महसूस कर रही है। महिलाओं से संबंधित सभी मामलों का फास्ट ट्रैक कोर्ट से निराकरण हो। संवेदनशील इलाकों स्कूल कॉलेज, बस स्टैंड, बाजारों में पुलिस गस्त बढ़ाई जाए एवं महिला हेल्पलाइन 1091, 181 ,112 को और सक्रिय किया जाए। गांव-गांव में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कानूनी अधिकारों की जानकारी के साथ साथ गुड टच-बेड टच पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए । प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं को आशा है कि आप इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी कदम उठाएंगे और महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहयोग करेंगे । इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को लाडली बहन तो कहती है लेकिन मानती नहीं। आज पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा पीड़ित महिला वर्ग ही है जो असुरक्षा भय और डर के साए में जी रही हैं । जिसे निजात दिलाना बहुत आवश्यक है।

## साधना से आत्मिक शांति और संतुलन प्राप्त किया जा सकता हैः सुमतप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आयोजित श्रुत अवगाहन शिविर के प्रथम दिन बाल ब्र. पं. सुमत्प्रकाश ने 'संवर' और 'निर्जरा' तत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आत्मा, साधना, समाज और धर्म के विभिन्न आयामों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि प्रवचन में आत्मा की शुद्धि और स्थिरता को जीवन की प्राथमिकता बताया गया। उन्होंने कहा कि भौतिक साधन कितने भी बढ़ जाएं, यदि आत्मा से जुड़ाव नहीं है तो जीवन में संतोष संभव नहीं है। बाल ब्र. पं. सुमत्प्रकाश ने कहा कि साधना के माध्यम से ही आत्मिक शांति और संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। आत्मा पर विश्वास और उसका साधना से संबंध ही जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि "टेढ़ी उंगली से घी निकालने" जैसी प्रवृत्तियों का त्याग आवश्यक है, क्योंकि शारीरिक इच्छाओं की अंधपूर्ति आत्मा की शुद्धता के विपरीत है।



प्रवचन में 'संब्रवाद' और 'संबल' जैसे तत्वों पर भी चर्चा हुई, जो समाज में आपसी सहयोग और नैतिक अनुशासन की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों की कमी समाज को राजनीतिक और सामाजिक रूप से विचलित कर सकती है। धार्मिक और सामाजिक संगठनों में आत्मनिरीक्षण का महत्व भी बताया गया। उन्होंने पारंपरिक मूल्यों को आधुनिक परिवर्तन के साथ जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छाओं और समाज के बीच संतुलन स्थापित कर सच्चाई और ईमानदारी के मार्ग पर चलना चाहिए। अंततः आत्मिक और भौतिक संतुलन ही जीवन की पूर्णता का मार्ग है।

प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि प्रातः स्वाध्याय श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (किले अंदर) में तथा दोपहर व रात्रि प्रवचन सीमंधर जिनालय स्टेशन पर आयोजित हो रहे हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष मलूकचंद जैन एवं समस्त ट्रस्ट ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## अटल बिहारी वाजपेई शासकीय मेडिकल कॉलेज में दीक्षांत समारोह, 170 नवचिकित्सकों को मिली डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अटल बिहारी वाजपेई शासकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में वर्ष 2020-21 बैच के 170 स्नातक विद्यार्थियों को चिकित्सा उपाधि प्रदान की गई। समारोह में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कॉलेज परिसर में उत्साह और गौरव का वातावरण रहा तथा नव चिकित्सकों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह दिन विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी विशेष महत्व रखता है। वर्षों की मेहनत, त्याग और समर्पण के बाद विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने नव चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे सेवा भाव को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से मरीजों की सेवा करें। श्री पटेल ने कहा कि डॉक्टर को समाज में भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। ऐसे में उनके व्यवहार में विनम्रता और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जितनी अधिक सहानुभूति और संवेदनशीलता डॉक्टर अपने आचरण में रखेंगे, उतनी ही गहरी सकारात्मक छाप मरीजों के मन-मस्तिष्क पर पड़ेगी, क्योंकि कष्ट की घड़ी में हर व्यक्ति सबसे पहले चिकित्सक के पास ही पहुंचता है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम ने संस्थान की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं, जिससे चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। समारोह से पूर्व प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न वार्डों एवं विशेष इकाइयों का निरीक्षण भी किया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण, नव डिग्रीधारी डॉक्टर एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



### भारतीय जनता पार्टी सदैव कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देती है : श्याम तिवारी

**सागर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त सह प्रशिक्षण प्रभारी श्रीकांत कौशिक ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पार्टी को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलती है। उन्होंने श्रीकांत कौशिक को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्य और अधिक प्रभावी एवं सशक्त होंगे।

# तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव में देशभर के कृषि वैज्ञानिकों ने 20 सत्रों में किसानों को सिखाए फायदे की खेती करने के गुर

## उन्नत कृषि महोत्सव में शिवराज सिंह बोले- हमारा लक्ष्य 140 करोड़ देशवासी को मिले भरपेट भोजन

### खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर पुलिया में गिरी बाइक, 1 गंभीर



बेगमगंज। रायसेन से राहतगढ़ तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के तहत निर्माणाधीन पुल पुलियों में गिरकर आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा ही एक मामला बीती रात करीब 2 बजे तहसील क्षेत्र की ग्राम बर्री में आया, जहां एक बाइक सवात 25 वर्षीय युवक निर्माणाधीन पुलिया में जा गिरा। बाइक सवार के पेट के लोहे का सरिया घुस गया। घायल को गंभीर हालात में सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ के साथ जारी, श्रीराम कथा में भक्तों की भीड़

बरेली। ग्राम खेरी मुगली में श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ के साथ श्रीराम कथा का भव्य आयोजन भी चल रहा है। ग्राम श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति बनी हुई। श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास रत्नमणि द्विवेदी ने कहा कि भरत जी त्याग मूर्ति, राज्य लोभ से विमुख रहे। धर्मनिष्ठा और सेवा वृत, भाई प्रेम के कारण तपस्वी वेश में 14 वर्षो तक श्रीराम सीता के साथ वनवास के कष्ट सहन किए। कथा व्यास रत्नमणि देवी ने भरत और श्रीराम के मिलन का भावुक कर देने वाले प्रसंग, चित्रकूट के मार्मिक प्रसंगों से उपस्थित श्रद्धालु नर-नारियों को भावविभोर कर दिया। कहा कि भरत जी ने अयोध्या का राज्य ठुकरा कर श्रीराम जी की चरण पादुकाओं को राज सिंहासन पर रख कर 14 वर्षो तक श्रीराम के अयोध्या आने की प्रतीक्षा की दुनिया में ऐसा उदाहरण मिलना दुलर्भ, असंभव है। ग्राम खेरी मुगली में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आज 12 अप्रैल को समापन विश्राम होगा। पूर्णाहूति एवं भंडारे के कार्यक्रम में सभी धार्मिक श्रद्धालु नर-नारियों में सभी से पधारने की अपील की है।

## कृषि महोत्सव में किसान की तकदीर बदलने का ऐलान

## अब खेती बनेगी स्मार्टः तकनीक और जैविक खेती से किसानों को नया रास्ता

# गांव-गरीब और उन्नत तकनीक से खेती किसानी से आएगा नया बदलाव : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

देश का रक्षा मंत्रालय अब पहले से अधिक मजबूत हो चुका है। "जय जवान, जय किसान" का नारा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है। उन्होंने बताया कि अब जैविक खेती से उत्पादित फल-सब्जियां सेना के जवानों की भोजन की थाली तक पहुंच रही हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। साथ ही जवानों की सेहत में भी सुधार आ रहा है। यह बात रायसेन में आयोजित राष्ट्रीय कृषि महोत्सव कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि सरकार श्रीअन्न और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। नई तकनीकों जैसे ड्रोन, मिट्टी परीक्षण और मौसम आधारित खेती से उत्पादन बढ़ रहा है और किसानों की स्थिति मजबूत हो रही है। कृषि महोत्सव मेले में शनिवार को रक्षा मंत्री के अलावा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ कई दिग्गज एवं देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया।

स्वागत भाषण देते हुए विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि यह कृषि महोत्सव जिले के दशहरे मैदान में लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें किसानों को "बीज से बाजार तक" की पूरी जानकारी एक ही मंच पर मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव से बायपास खरगावली से रतनपुर रिंग रोड बनाने और कृषि महाविद्यालय की स्थापना की मांग भी रखी।

कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक भी वितरित किए गए। वहीं रायसेन की रेखा बाई को साढ़े तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। महोत्सव के दौरान किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही सब्सिडी का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री एंदल सिंह कषाना, पशु पालन मंत्री लखन पटेल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया और भारत को वैभवशाली एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को सांची स्तूप का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

### 'मेरे अंदर का किसान जिंदा है', राजनाथ सिंह का भावुक संदेश, किसानों को भरोसा



### मृदा परीक्षण के लिए स्वॉइल मोबाइल ऐप ई-फॉर्म किया लांच, किसान खुद जांच सकेंगे मिट्टी की सेहत




### किसानों की मुस्कान ही हमारी पूंजी हैः रक्षामंत्री

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसानों की मुस्कान ही हमारी पूंजी है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी बड़े जोखिम का काम है, फिर भी हमारे किसान पूरी मेहनत और लगन से देशवासियों का उदर-पोषण करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक किसान पुत्र हैं। किसानों की वेदना और उनकी जरूरतों से वाकिफ हैं। किसानों का कल्याण हमारा लक्ष्य है। इनकी बेहतरी के लिए हम संकल्पबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि देश के किसानों के कल्याण की दिशा में हमारा मजबूत प्रयास है।



### किसानों से 2625 रु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रहे गेहूं



**सीएम ने कहा- "सीमा पर जवान और खेतों में किसान" का नारा आज पूरी तरह सार्थक हो रहा**

## प्रदेश में तेजी से बढ़ा सिंचाई का रकबा : मुख्यमंत्री यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि "सीमा पर जवान और खेतों में किसान" का नारा आज पूरी तरह सार्थक हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा तेजी से बढ़ा है और शरबती गेहूं व बासमती चावल को नई पहचान मिली है। सरकार किसानों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

भारत का हर क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ रहा है। किसानों की मेहनत से अब हमारा देश दोगुना खाद्यान्न निर्यात कर रहा है। मध्यप्रदेश का केवल रायसेन जिला ही दुनिया के 47 से अधिक देशों को बासमती चावल का निर्यात कर रहा है। हमारी सरकारों में प्रदेश के किसानों को गेहूं और धान का समुचित मूल्य मिला है। इस वर्ष हम किसानों से 2625 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद रहे हैं। साथ ही 40 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस भी हम किसानों को दे रहे हैं। यह हमारी किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

### शिवराज सिंह बोले...

## देश में किसानों के विकास का चल रहा है 'महायज्ञ'

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में किसानों के विकास का महायज्ञ चल रहा है। हमारा लक्ष्य 140 करोड़ देशवासी को भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है। हमें कृषि उत्पादन बढ़ाना है और कृषि की लागत भी घटानी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में कृषि से किसानों को आय बढ़ाने के लिए एकीकृत खेती पर जानकारी प्रदान की जाएगी। इंटीग्रेडेट फॉर्मिंग से एक एकड़ में 2 लाख तक की आय प्राप्त की जा सकती है। खेती से जुड़े अलग-अलग विषयों पर 20 सत्र आयोजित किए गए हैं। इसमें बीज से लेकर बाजार तक किसानों को हर तरह के सपोर्ट की जानकारी दी जाएगी। मिट्टी की जांच के लिए नया मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। किसान अपनी रुचि के अनुसार सत्रों में बैठकर जानकारियां लें। उन्होंने बताया कि महोत्सव में कृषि वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किसानों को बागवानी, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, जैविक खेती सहित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### इनकी रही उपस्थिति

कृषि महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल, जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, यूपी के कृषि राज्यमंत्री सूर्यप्रताप साही, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक सुरेंद्र पटवा, विधायक रमाकांत भार्गव, रामपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह मीणा, केंद्रीय कृषि सचिव अतीश चंद्रा, कृषि परिषद के डीजी डॉ. एमएल जाट, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

उन्नत कृषि महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद नजर आई। कार्यक्रम को देखते हुए जिलेभर से पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थानों के पुलिस अधिकारियों के साथ होमगार्ड जवान, नगर सुरक्षा समिति के वालेंटियर और अन्य जिलों से बुलाई गई पुलिस कंपनियां लगातार मुस्तैद रहीं। कार्यक्रम स्थल पर सशस्त्र ब्लैक कमांडो भी तैनात रहे, जो हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए थे। मेला परिसर के अंदर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वारों पर सघन जांच के बाद ही लोगों को अंदर जाने दिया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी खुद मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते रहे, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने।

#### ट्रैफिक डायवर्ट, कई रास्तों पर बैरिकेडिंग

शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष प्लान लागू किया। उद्यानिकी विभाग रोड, दशहरा ग्राउंड गेट और खेल स्टेडियम मार्ग पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया गया। इन मार्गों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया। महोत्सव स्थल तक आम लोगों को केवल पैदल आने-जाने की अनुमति दी गई, जिससे भीड़ नियंत्रित रखने में मदद मिली। वहीं सांची रोड पर भारत माता चौराहा से रामलीला गेट होते हुए वाहनों का डायवर्जन किया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी गई, जिससे शहर में कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनी और यातायात सुचारू रूप से चलता

### कृषि महोत्सव में लगे साढ़े तीन सौ स्टॉल

तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव में इस बार किसानों के लिए आधुनिक खेती से जुड़ी हर जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। मेले में करीब साढ़े तीन सौ स्टॉल लगाए गए हैं, जहां कृषि से संबंधित नई तकनीकों, उपकरणों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। महोत्सव के लिए तीन बड़े डोम तैयार किए गए हैं, जिनमें अलग-अलग विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई है। विभिन्न स्टॉलों पर फल, सब्जियां, उन्नत बीज, खाद, जैविक खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

# पुरानी रंजिश पर हुए खूनी संघर्ष में सात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

थाना क्षेत्र के ग्राम टिप्पा सेमरी में पुरानी रंजिश पाइप डालने, बिजली के तार फसाने पर राजपूत समाज के दो पक्षों के विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। युवक छत्रपाल राजपूत की उपचार के दौरान भोपाल में मृत्यु हो गई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं का प्रकाश दर्ज कर 24 घण्टों में घटना के 11 में से 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

पुलिस ने हेमराज सिंह राजपूत की रिर्पोट पर धारा 190, 191/2, 191/3, 109/1, 103/1, 351/3, 118/1 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जाँच कार्यवाही की जा रही है। भोपाल से छत्रपाल सिंह की लाश आने पर परिजनों द्वारा थाने में घन्टो लाश रख कर कार्यवाही की मांग की जाती रही। वरिष्ठ

अधिकारियों के मार्ग दर्शन में एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता एवं पुलिस टीम द्वारा कुल



11 नामजद आरोपियों में से 7 आरोपियों को 24 घन्टे में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। भाई साहब राजपूत, भीषम सिंह राजपूत, घनश्याम राजपूत, कुलदीप राजपूत, जयकांत राजपूत, वीरेन्द्र राजपूत, नेपाल सिंह राजपूत सभी निवासी ग्राम टिप्पा सेमरी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश रही है।

### कार्य क्षेत्र से 20 से 25 किमी बने केंद्र, किसान होगें हैरान-परेशान

# समर्थन मूल्य पर खरीदी केंद्र बनाने में किसानों की परिवहन सुविधा पर बरती घोर उदासीनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी में व्यापक स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता और किसानों की परिवहन सुविधा की घोर उपेक्षा से किसानों में नाराज़गी और असन्तोष का माहौल बना नजर आ रहा है। 9 अप्रैल से खरीदी शुरु, उसी दिन खरीदी केन्द्रों की सूची जारी होने के साथ खरीदी केन्द्रों पर वारदाने हम्मालों की कमी और स्लाट बुक, अवकाश की बाधाओं से गेंहू खरीदी प्रभावित बनी हुई है।

परिवहन सुविधा की अनदेखी- खरगौन बरेली तहसील में 24 गेंहू खरीदी केन्द्र वेयर हाउस बनाये गए



है। बाड़ी तहसील में 20 खरीदी केन्द्र वेयर हाउस बनाए है। जहां वेयर हाउस है उन्हें छोड़कर बाड़ी के खरीदी केंद्र बरेली स्थित वेयरहाउस बनाने से खरीद व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही भौतिक स्थिति और किसानों की परिवहन सुविधा का क्यों ध्यान नहीं रखा।

बाड़ी तहसील की सहकारी संस्था का खरीदी केन्द्र बरेली तहसील के ग्राम सलैया, कामतौन, बनाया गया है। जिनकी कार्य क्षेत्र के ग्रामों से 25-30 कि.मी. तक दूरी है। इसी प्रकार बरेली तहसील में खरीदी केन्द्र कार्य क्षेत्र सिवनी संस्था का खरीदी केन्द्र छुछार और कोटपार गनेश में बनाया गया है।

घाट पिपरिया का केन्द्र बाग पिपरिया में, डूमर का खरीदी केन्द्र उंटिया कला, बगलवाड़ा संस्था का केन्द्र कामतौन को बनाया गया है। समनापुर बांस पिपरिया का केन्द्र बाग पिपरिया को बनाया गया। कार्य क्षेत्र से 20-25 कि.मी. दूर तक खरीदी केन्द्र बनाये जाने से किसानों को अपना गेंहू ले जाने में डीजल, रखवाली इत्यादि के साथ समय भी बर्बाद करना पड़ेगा। इसी को लेकर किसानों में व्यापक चर्चा और असन्तोष का माहौल बन रहा है।

#### खरीद में फैली अव्यवस्था

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद 9 अप्रैल से प्रारंभ होना था। कुछ केन्द्रों पर तौल कांटों की पूजन हुई, गेंहू की तौल के लिए जरूरी वारदाना हम्मालों की भारी कमी बनी हुई है। वहीं सर्वर, साइड न चलने से किसानों के स्लाट बुक नहीं हो पा रहे है। भले ही तौल में विलम्ब अव्यवस्थाओं का बोलबाला बना हुआ है। परन्तु किसानों द्वारा खरीदी केन्द्र वेयर हाउसों के बाहर खुले आसमान के नीचे गेंहू के ढेर लगाकर तौल का इन्तजार किया जा रहा है।

### अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने दिया सीएम के नाम ज्ञापन

# अध्यापक-शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन, रैली भी निकाली, कहा- टीईटी अनिवार्यता खत्म करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के आह्वान पर शनिवार को शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने करीब एक किलोमीटर लंबी रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को मांगों से युक्त एक ज्ञापन सौंपा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक तेग बहादुर सिंह राजपूत के नेतृत्व में शिक्षको ने सांदीपनि विद्यालय परिसर से शनिवार को शाम के समय चिलचिलाती गर्मी में रैली निकाली, जो कि तहसील कार्यालय पहुंची। यहां पर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

मोर्चा की प्रमुख मांगों में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करना शामिल है। सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग भी शामिल है।

#### विभागीय आदेश प्रावधानों के विपरीत

मोर्चा के पदाधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की 10 अगस्त 2010 की अधिसूचना में कुछ श्रेणियों के शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट दी है। इसमें 3 सितंबर 2001 के बाद नियुक्त संविदा शिक्षक शामिल हैं। इससे पहले नियुक्त शिक्षाकर्मी व संविदा शिक्षक भी शामिल हैं। वर्ष 2011 से 2014 के बीच गुरुजी से संविदा शिक्षक बने शिक्षक भी शामिल हैं। शिक्षकों का कहना है कि विभागीय आदेश इन प्रावधानों और न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत हैं।

### आल मुस्लिम इज्तिमाई शादी 20 को

# हजरत सै. पीरगुलाम अली शाह की दरगाह पर छठवां महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

ऑल इंडिया मंसूरी समाज बाड़ी के तत्वाधान में लगातार छठवां वर्ष शादी प्रोग्राम आयोजन के प्रति समाज एवं मुस्लिम समाज में उत्साह देखा जा रहा है। कौमी एकता के इस महा आयोजन में सभी धर्म के लोगों को इस विवाह महोत्सव के लिए आमंत्रित किया जाता है।



इस आयोजन में गरीब वर्ग के लोगों में भारी उत्साह भी देखने को मिलता है। मंसूरी समाज ने विवाह कार्यक्रम के माध्यम से निकाह कार्यक्रम सुचारू रूप से किया जा रहा है। मंसूरी समाज की नगर एवं ब्लॉक एवं जिला समिति इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार और व्यवस्था कार्य कर रही है जिससे आने वाले लोगों को सहज और सरल सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आयोजन में जिला अध्यक्ष फारूक मंसूरी, बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष शाहिद भाई मंसूरी, नगर अध्यक्ष चुनाव खलील मंसूरी द्वारा समिति गठित कर अपने साथी सहयोगियों के साथ व्यवस्था पर और प्रचार पर भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन प्रमुख सलीम मंसूरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी है। 18 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन फार्म पर सभी शर्तों को दर्शाया है। गुलाम अली शाह की दरग़ाह पर लगने वाला यह महा आयोजन की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है।

# बरेली-बाड़ी तहसीलों में 100 से अधिक सरकारी तालाब हुए उपेक्षा का शिकार

## ताबालों की सफाई संरक्षण से बढ़ेगा भू-जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

बाड़ी और बरेली तहसीलों की 106 ग्राम आती है। ग्रामीण क्षेत्र में 100 से अधिक तालाब राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। इन प्राचीन तालाबों की निरन्तर उपेक्षा, अनदेखी से आसपास के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर निजी उपयोग खेती और मकान तक बना लिए गए है। तालाबों का क्षेत्रफल सुकड़ते कम होता गया और अधिकांश तालाब कूड़ादान बन कर गंदगी से लवरेज और मच्छर विभिन्न प्रकार के जीव जन्तु उत्पन्न होने की खान बन गए है।

वर्षो तक जलाभिषेक अभियान चला और अब प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा जल गंगा संर्वधन अभियान चला कर नये तालाबों का निर्माण और पुराने तालाबों की साफ-सफाई संबर्धन के कार्यो को प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले वर्ष ग्राम में सेंकड़ों छोटे-बड़े तालाबों का निर्माण जल गंगा संबर्धन अभियान के अन्त्तगत हुआ। सेंकड़ों तालाबों के निर्माण, खुदाई पर करोड़ों की राशि भृष्टाचार, आर्थिक अनिमित्ताओं की भेंट चढ़ गई। एक-एक तालाब पर 2 से 10 लाख रू. तक की राशि खर्च होने के बाद पिछले वर्ष



के तालाबों में पानी मिलना कठिन बना हुआ है।

#### तालाबों की भूमि से हटे अतिक्रमण

क्षेत्र के अनेक ग्रामों में एक नहीं दो-तीन तक तालाब है। तालाबों भूमियों पर अतिक्रमण, मकान बना लिए जाने से तालाब गायब हो गए। यदि राजस्व, जनपद ग्राम संयुक्त रूप से दर्ज तालाबों पर हुए अतिक्रमण हटा कर तालाबों में जमा मिट्टी गाद हटाने पर जनभागीदारी, जागरूकता से कुछ राशि खर्च कर दे तो प्राचीन तालाबों का कायाकल्प होने के साथ तालाबों में बारिश में भरने वाला पानी गिरते भू-जल स्तर को कुछ हद तक रोक सकता है।